इंडिया वाटर वीक में शामिल होने पहली बार ग्रेनो जाएंगी राष्ट्रपति

- एक नवंबर को उद्घाटन के लिए जाएंगी राष्ट्रपति, समापन कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं प्रधानमंत्री
- सीएम योगी भी उद्घाटन पर रहेंगे मौजूद, जल संरक्षण को लेकर देश दुनिया के प्रबुद्ध लोग करेंगे मंथन

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : जल संरक्षण, जल के उपयोग और जलस्त्रोतों को संरक्षित करने को लेकर सातवें इंडिया वाटर वीक में मंथन होगा। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर में एक से पांच नवंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी। राष्ट्रपति के तौर पर वह पहली बार ग्रेटर नोएडा जाएंगी। पांच नवंबर को समापन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहुंचने की भी संभावना है। उद्घाटन के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। इस बार सहभागी देश डेनमार्क है।

कार्यक्रम में देश-दुनिया से जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रबुद्ध लोग शामिल होंगे। एक्सपो में नई तकनीक और प्रबंधन की जानकारी भी प्रदर्शित की जाएगी। इसका आयोजन जल शक्ति मंत्रालय, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग के साथ ही कृषि, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, ऊर्जा, नई और नवीकरणीय ऊर्जा, नीति आयोग द्वारा किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन विश्वभर के लिए चिंता का विषय है। जानकारी के मुताबिक, पृथ्वी के कुल पानी की तीन प्रतिशत हिस्सा ही पीने के योग्य है। दुनिया में 77 करोड़ लोगों को साफ पानी नसीब नहीं हो रहा है। वर्ष 2017 में दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन शहर में पेयजल का संकट खड़ा हो गया था, जो दुनियाभर में चिंतन का विषय था। जलस्त्रोत के समाप्त होने व अंधाधुंध भूजल दोहन से जलस्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। भविष्य में मानव जीवन के लिए जल संकट की स्थित न बने, इसके लिए भारत सरकार की ओर से जल संरक्षण और जलस्त्रोतों का बचाने के लिए वाटर वीक का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2019 में दिल्ली में इसका आयोजन हुआ था। उस दौरान 1500 विशेषज्ञों ने प्रतिभाग किया था। इस वर्ष कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण को लेकर जो उपाय, तकनीक, प्रबंधन के प्रभावी तरीकों को अमल में लाकर साफ पानी को संरक्षित करने का कार्य होगा।

ग्रेटर नोएडा के नालेज पार्क-एक स्थित इंडिया एक्सपो मार्ट एंड सेंटर • जागरण आर्काइव

सुरक्षा में तैनात रहेंगे अर्धसैनिक बल के जवान : राष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था प्लान तैयार किया जा रहा है। इसमें 500 से अधिक पुलिस के जवान एक्सपो मार्ट व उसके आसपास तैनात रहेंगे। सुरक्षा के मद्देनजर अर्धसैनिक बल व पीएसी के जवानों की ड्यूटी भी लगाई गई है। 31 अक्टूबर की रात जवान ड्यूटी प्वाइंट पर तैनात हो जाएंगे। हालांकि 31 अक्टूबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी ग्रेटर नोएडा आएंगे, इस वजह से भी शहर की सुरक्षा व्यवस्था सख्त रहेगी।

nwda.gov.in